10

# डेंगू की दस्तक: बढ़ते प्रकरण अब बने चिंता का कारण

पत्रिका सिटी इश्यू

## विधायक काश्यप ने जताई चिंता, सीएमएचओ व निगमायुक्त को दिए निर्देश

रतलाम. शहर में डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने चिंता जताई है। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे से चर्चा कर डेंगू की रोकथाम के लिए जल्द कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर उन्हें भी शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग शुरू कराने के निर्देश दिए हैं।

विधायक काश्यप ने आमजन से डेंगू से बचाव के लिए सजग रहने का आह्वान करते हुए बताया कि रतलाम शहर में इस सप्ताह डेंगू के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। 89 लोगों के डेंगू पाजीटिव होने की सूचना है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक शहर वासी को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता दिखानी होगी। डेंगू का लार्वा जहां भी उत्पन्न होता है, उसकी सूचना तत्काल नगर निगम या प्रशासन को दें, जिससे उसकी रोकथाम की जा सके।

### जल्द पूरी होगी लाइसेंस प्रक्रिया

विधायक ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं महिला बाल विकास का दल घर-घर जाकर सर्वे करेगा। शहरवासी इसमें सहयोग दें। उन्होंने बताया कि डेंगू के उपचार में प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती है, इसकी व्यवस्था के लिए सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर को जिला चिकित्सालय में ब्लड कम्पोनेंट यूनिट आरंभ करने के लिए लायसेंस की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

पत्रिका 5/8/21

(15)

**कोरोना रिटर्न:** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बढ़ते केसों पर जताई चिंता

# 6 से बढ़कर 28 हुए कोरोना के नए केस, अब फिर कंटेनमेंट जोन बनाने की तैयारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में कोरोना के नए मामले फिर बढ़ने लगे हैं। पिछले दिनों नए प्रकरणों की संख्या 6 पर पहुंच गई थी। बीते 24 घंटे में 28 नए मरीज सामने आए हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दमोह में 15 और सागर में 7 पॉजिटिव केस आए हैं। बुंदेलखंड में पॉजिटिव केस मिलना चिंता का विषय है। कोरोना को थामने के लिए सरकार सभी जरूरी कदम उठाएगी। टेस्टिंग के साथ लोगों को आइसोलेट करेंगे, माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है। लोग मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग जैसी सावधानियों का आवश्यक रूप से पालन करें। पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में भी केस बढ़ रहे हैं। केरल की स्थिति भी सामने है। ऐसे में प्रदेशवासी सतर्क और सावधान रहकर तीसरी लहर को रोकने में सहयोग करें।

## वैरिएंट का पता लगाने सैंपल की होगी सीक्वेंसिंग

**सागर.** जिले में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने की वजह जानने के लिए बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज की वायरोलॉजी लैब दस दिन के भीतर मिले संक्रमितों के सैंपलों की सीक्वेंसिंग करने की तैयारी में है। बता दें, जिले में 10 दिन में 34 मरीज सामने आ चुके हैं।

पत्रिका 5/8/21

23

# श्री सिंधिया ने श्री काश्यप को पत्र लिखकर रतलाम का स्वप्न पूरा होने की उम्मीद जगाई

## कब होगा क्षेत्रीय हवाई अड्डे का विकास?

**रतलाम।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के एक पत्र ने रतलाम के आसमान छूने की उम्मीदों को पंख लगा दिए हैं। विधायक चेतन्य काश्यप को लिखे गए इस पत्र में बंजली हवाई पट्टी को घरेलू विमान सेवा से जोड़ने के लिए आश्वस्त किया गया है। रतलाम में प्रदेश का दूसरा बड़ा निवेश क्षेत्र विकसित करने की पहल के बाद हवाई अड्डे की सौगात का ये आश्वासन विकास की दौड़ में अब तक पिछड़ रहे रतलाम की दशा और दिशा दोनों ही बदलने वाला माना जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली में मंत्री पद की शपथ लेने से ठीक पूर्व रतलाम का दौरा किया था। उनके मंत्री बनने के बाद दिल्ली जाकर विधायक चेतन्य काश्यप ने बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ ही रतलाम को घरेलू विमान सेवाओं से जोड़ने का अनुरोध वाला पत्र सौंप दिया था। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने विधायक श्री काश्यप को उस पत्र का प्रत्युत्तर देते हुए रतलाम को हवाई सेवाओं से जोड़ने के लिए व्यक्तिगत रुचि लेने का भरोसा दिया है। उनके अनुसार रतलाम रेलवे का एक बड़ा जंक्शन है। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे भी रतलाम के नजदीक से गुजर रहा है। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम भी रतलाम में औद्योगिक क्षेत्र का विकास कर रहा है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए रतलाम में घरेलू विमान सेवा परिचालन हेतु पर्याप्त कारण मौजूद हैं। श्री सिंधिया ने आशा जताई कि रतलाम शीघ्र हवाई मार्ग से जुड़ेगा।

गौरतलब है कि मंत्री बनने से पहले रतलाम दौरे में भी श्री सिंधिया ने क्षेत्र के विकास में सहयोग का पूरा आश्वासन दिया था। रतलाम की बंजली हवाई पट्टी को विकसित करने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी इंदौर पहले ही सर्वे कर चुकी है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के रूप में श्री सिंधिया से मिले आश्वासन के बाद अब पूरी उम्मीद है कि रतलाम में हवाई पट्टी का विकास होगा। वैसे ही रतलाम में जब विशेष निवेश क्षेत्र का विकास होगा और उसमें नई औद्योगिक ईकाइयां आएंगी, तो देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सुविधाओं की दरकार रहेगी। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने पत्र में आश्वस्त किया है कि रतलाम से उन्हें विशेष लगाव है और वे व्यक्तिगत रुचि लेकर घरेलू विमान सेवाओं से इस शहर को जोड़ने के कार्य को आगे बढ़ाएंगे। इस आश्वासन के बाद भविष्य में अब रतलाम के चौतरफा विकास की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

अग्निबाण 5/8/21

(२५)

# जिला कोरोना मुक्त, मेडिकल कॉलेज में अब शुन्य मरीज

रतलाम। कोरोना महामारी से जूझते हुए डेढ़ वर्ष के बाद आज रतलाम जिला कोरोना मुक्त घोषित हुआ है। रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती एकमात्र कोरोना संक्रमित मरीज के स्वस्थ होने के बाद रतलाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में 0 कोरोना संक्रमित मरीज

## ▸ कलेक्टर ने आमजनों से सावधानी बरतने की अपील की

होने की जानकारी दी है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले की जनता से अपील करते हुए सावधानी बरतने और 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाने की अपील जिले की जनता से की है।

गौरतलब है कि अप्रैल 2020 के बाद यह पहला मौका है जब रतलाम मेडिकल कॉलेज में एक भी कोरोना संक्रमित मरीज भर्ती नहीं है। अप्रैल और मई के महीने में जहां रतलाम मेडिकल कॉलेज के सभी 550 बेड फुल चल रहे थे। वहीं अब मेडिकल कॉलेज में एक भी कोरोना संक्रमित मरीज भर्ती नहीं है। हालाकी रतलाम कलेक्टर ने लोगों को सावधानी बरतने और कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की अपील की है।

रतलाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने वीडियो मैसेज जारी कर रतलाम जिले की जनता को जिले के कोरोना मुक्त होने की खुशखबर दी है। साथ ही उन्होंने लोगों से आगे कोरोना गाइडलाइन का पालन करते रहने की अपील भी की है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले में 50 प्रतिशत से अधिक लोगों को कम से कम वैक्सीन का पहला डोज लग चुका है। वही रतलाम शहर में 85 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन लग चुका है। रतलाम जिले में दूसरे डोज के लिए शेष रह गए 36000 लोगों को प्राथमिकता से वैक्सीन का दूसरा डोज लगाया जाने के लिए विशेष वैक्सीनेशन अभियान चलाए जाने की जानकारी भी कलेक्टर ने दी। वहीं शेष रह गए लोगों से भी वैक्सीन उपलब्ध होने पर वैक्सीनेशन अवश्य करवाने की अपील कलेक्टर ने की है। बहरहाल मेडिकल कॉलेज में पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा शून्य होना जिले के लिए राहत जरूर लेकर आया है लेकिन कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए जिले की जनता को संयम बरतने और कोरोना गाइडलाइन का पालन करते रहने की आवश्यकता है।




## वैक्सीनेशन : आज केवल सेकंड डोज ही लगाए जाएंगे

बुधवार को जिले के 45 केंद्रों पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया गया। शहर के आईएमए हॉल राजेंद्र नगर पर को वैक्सीन का केवल दूसरा डोज व न्यू कलेक्टरेट केंद्र पर विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगाया गया साथ ही अन्य केन्द्रों पर पहला डोज लगाया गया। वहीं आज गुरुवार को कोविशिल्ड और कोवैक्सीन के केवल सेकंड डोज ही लगाए जाएंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि शहर में लगभग 85 प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को प्रथम डोज लगाए जा चुका है।

नवभारत

नवभारत 5/8/21

(6)

# स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जायेगा

**रतलाम।** रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1188 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़कों चौराहों को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलों को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है।

उपग्रह

उपग्रह 5/8/21

(19)

# गुजरात से आये प्रवासी मजदूर का कन्हैयालाल का चल रहा है चूल्हा वन नेशन वन राशन कार्ड से

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

*प्रधानमंत्रीजी के वन नेशन, वन राशन कार्ड योंजना, प्रवासी मजदूरो के लिये अत्यन्त कारगार सिद्ध हो रही है। इस योजना के कारण अब प्रवासी मजदूर, चूल्हा जलने की परेशानी से उबरते हुए, दूसरे प्रदेशो में भी जाकर सरलता से अपने परिवार का गुजर-बसर कर पा रहे है।*



गुजरात के पंचमहाल जिला के गोधरा से रतलाम आये श्री कन्हैयालाल भोई इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। लक्ष्मीनगर रतलाम में अभी रह रहे कन्हैयालाल बताते है कि वे फलों की फैरी लगाकर फल बेचने का काम करते है। इसके लिये वे बाजार में एक से दूसरे स्थान पर आ-जाकर सामान बेचते हैं। ऐसे में पहले उन्हें अपने पंचमहाल (गुजरात) के राशन कार्ड का लाभ रतलाम में नही मिल पाता था [illegible]सके कारण सीमित आय में घर-[illegible]वार का गुजर-बसर अच्छी तरह से करने में भारी मशक्कत करना पडती थी। किन्तु जब से प्रधानमंत्री ने "वन नेशन, वन राशन कार्ड", योजना घोषित की है तब से उन्हें अपने साथ रहने वाले परिवार के 4 सदस्यों का पेट भरना सरल हो गया है। अब वे अपने गुजरात के राशन कार्ड पर, रतलाम की लक्ष्मीनगर स्थित उचित मूल्य की दुकान से सरलता से राशन ले पा रहे है।

वहीं प्रधानमंत्री की निःशुल्क राशन वितरण का भी लाभ मिलने से अब उन्हें सच में लगने लगा है कि वे इस योजना का लाभ लेने वाले बहुत भाग्यशाली है। इसके लिए वे प्रधानमंत्रीजी और मुख्यमंत्रीजी का आभार व्यक्त करते हैं।

प्रसारण

प्रसारण 5/8/21

(2)

## 226 पथ विक्रेताओं के ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत कर वितरित किए गए

# पथ विक्रेता ब्याज मुक्त ऋण का उपयोग रोजगार बढ़ाने में करें: सोमनाथ झारिया

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**



प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत नगरीय क्षेत्र रतलाम के पात्र पथ विक्रेताओं को संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किये जाने हेतु स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा व बैंक ऑफ बड़ौदा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने उपायुक्त विकास सोलंकी, जिला अग्रणी बैंक दिलीप सेठिया, स्टेट बैंक क्षेत्रिय प्रबंधक अरूण सिंह, स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक सुश्री दीपिका यादव, बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य प्रबंधक सुरेन्द्रसिंह लाथार ने ऋण प्रकरण स्वीकृत कर हितग्राहियों को वितरित किये।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा व बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड पर आयोजित कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री झारिया ने पथ विक्रेताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत आपको ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है इस पूंजी को आप अपने रोजगार को बढ़ाने में इस पूंजी का उपयोग कर स्वंय व अपने परिवार के जीवन स्तर में सुधार करें।

प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत स्टेट बैंक कलेक्टोरेट शाखा में 7, स्टेट बैंक हाथीखाना में 10, स्टेट बैंक औद्योगिक में 13, स्टेट बैंक कस्तुरबा नगर में 62, स्टेट बैंक मुख्य शाखा में 38, स्टेट बैंक तोपखाना में 34, बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड में 26, बैंक ऑफ बड़ौदा ई देना में 17, बैंक ऑफ बड़ौदा ई विजया में 11, बैंक ऑफ बड़ौदा चाँदनी चौक में 8 इस तरह कुल 226 प्रकरणों को स्वीकृत कर हितग्राहियों को वितरित किया गया। इस अवसर पर स्टेट बैंक मुख्य प्रबंधक क्रेडिट जितेन्द्र कानून, स्टेट बैंक कस्तुरबा नगर रवि दीपान, स्टेट बैंक औद्योगिक इन्द्रजीत, स्टेट बैंक तोपखाना पवन, स्टेट बैंक कलेक्टोरेट योगेश मीणा, स्टेट बैंक हाथीखाना श्री विरेन्द्र, ई विजया से श्री श्रीवास्तव, ई देना से सौरभ, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोलिया, श्रीमती रेखा राठौर, हेमा सिलावट, सुश्री निर्मला राय सहित पात्र पथ विक्रेता उपस्थित थे।

राज एक्सप्रेस 5/8/21

(5)

# सज रही राशन दुकानें, रंगाई-पुताई, कर रहे तैयारी




रतलाम. अन्न उत्सव के लिए रतलाम में तैयारियां जोरों पर चल रही है। उक्त आयोजन को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में सभी तैयारियां की जा रही है। शहर के साथ ही जिले की राशन दुकानों को भी रंगाई-पुताई कर आकर्षक बनाया जा रहा है। सभी दुकान संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे राशन दुकानों की रंगाई-पुताई कर आयोजन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध रखें। यदि किसी दुकान पर स्थान की कमी हो तो बिल्कुल पास का कोई सुविधाजनक स्थान भी आयोजन के लिए चयनित किया जा सकता है। लोगों को आयोजन स्थल पर पूर्ण सम्मान दें। तिलक लगाकर उनका स्वागत भी करें और उन्हें गरिमा के साथ थैलों में राशन प्रदान करें। राशन की गुणवत्ता बनाए रखें और बैग भी व्यवस्थित हो। आयोजन में उपस्थित सभी लोग मास्क पहने हों, इस बात का विशेष ध्यान रखें। पत्रिका

पत्रिका 5/8/21

# रंगाई-पुताई कर आकर्षक बनाई जा रही पीडीएस शॉप

नवभारत



रतलाम। अन्न उत्सव के लिए जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में सभी तैयारियां की जा रही है। जिले की पीडीएस शॉप की रंगाई-पुताई कर आकर्षक बनाया जा रहा है। सभी दुकान संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पीडीएस शॉप की रंगाई -पुताई कर आयोजन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध रखें। यदि किसी पीडीएस शॉप पर स्थान की कमी हो तो बिल्कुल समीप का कोई सुविधाजनक स्थान भी आयोजन के लिए चयनित किया जा सकता है। नागरिकों को आयोजन स्थल पर पूर्ण सम्मान दें। तिलक लगाकर उनका स्वागत भी करें और उन्हें गरिमा के साथ थैलों में राशन प्रदान करें। राशन की गुणवत्ता बनाए रखें और बैग भी व्यवस्थित हो। आयोजन में उपस्थित सभी लोग मास्क पहने हों, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

नवभारत 5/8/21

### अन्न उत्सव की तैयारियां जारी

# सभी राशन दुकानों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट दें

रतलाम | अन्न उत्सव का आयोजन 7 अगस्त को किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। शहर की सभी 63 दुकानों की व्यवस्था करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। जोनल अधिकारी भी बनाए गए हैं।

एसडीएम अभिषेक गहलोत ने शहर के 63 पीडीएस शॉप के लिए नियुक्त नोडल व जोनल अधिकारियों को कहा कि हितग्राहियों को सामान उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। सभी उचित मूल्य दुकानों में समुचित साफ-सफाई के साथ दुकान पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। सभी दुकानों की सफाई के साथ रंगाई-पुताई का काम तथा खाद्यान्न को व्यवस्थित रखने की व्यवस्था भी करें। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को कहा है कि 5 अगस्त तक सभी तैयारियां पूरी कर ओके रिपोर्ट दें।

भास्कर

दै. भास्कर 5/8/21

# रंगाई-पुताई कर आकर्षक बनाई जा रही पीडीएस शॉप

R/S

रतलाम। अन्न उत्सव के लिए जिला कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में सभी तैयारियां की जा रही है। जिले की पीडीएस शॉप की रंगाई-पुताई कर आकर्षक बनाया जा रहा है। सभी दुकान संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पीडीएस शॉप की रंगाई -पुताई कर आयोजन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध रखें। यदि किसी पीडीएस शॉप पर स्थान की कमी हो तो बिल्कुल समीप का कोई सुविधाजनक स्थान भी आयोजन के लिए चयनित किया जा सकता है। नागरिकों को आयोजन स्थल पर पूर्ण सम्मान दें। तिलक लगाकर उनका स्वागत भी करें और उन्हें गरिमा के साथ थैलों में राशन प्रदान करें। राशन की गुणवत्ता बनाए रखें और बैग भी व्यवस्थित हो। आयोजन में उपस्थित सभी लोग मास्क पहने हों, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

## आज केवल सेकंड डोज ही लगाए जाएंगे

रतलाम। रतलाम शहर में आज कोविशिल्ड और कोवैक्सीन के केवल सेकंड डोज ही लगाए जाएंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि शहर में लगभग 85 प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को प्रथम डोज लगाए जा चुका है।

राज एक्सप्रेस 5/8/21

(11)

# डेंगू के बढ़ते मामले पर विधायक ने चिंता जताई

प्रसारण न्यूज ✦ रतलाम

- सीएमएचओ व निगमायुक्त को दिए निर्देश

- आमजन से सजग रहने का आह्वान



विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर में डेंगू के मामले बढ़ने पर चिंता जताई है। उन्होंने सी एम एच ओ डॉ. प्रभाकर ननावरे से चर्चा कर डेंगू की रोकथाम के लिए जल्द कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर उन्हें भी शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग शुरू कराने के निर्देश दिए हैं।

विधायक श्री काश्यप ने आमजन से डेंगू से बचाव के लिए सजग रहने का आह्वान करते हुए बताया कि रतलाम शहर में इस सप्ताह डेंगू के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। 49 लोगों के डेंगू पाजीटिव होने की सूचना है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक शहर वासी को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता दिखानी होगी। डेंगू का लार्वा जहां भी उत्पन्न होता है, उसकी सूचना तत्काल नगर निगम अथवा प्रशासन को दें, जिससे उसकी रोकथाम की जा सके।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं महिला बाल विकास का दल घर-घर जाकर सर्वे करेगा।

शहरवासी इसमें सहयोग दें। उन्होंने बताया कि डेंगू के उपचार में प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती है, इसकी व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर को जिला चिकित्सालय में ब्लड कम्पोनेंट यूनिट आरंभ करने के लिए लायसेंस की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रसारण

प्रसारण 5/8/21

२०

# अन्न उत्सव में शामिल होंगे दूसरे राज्यों के मंत्री-अफसर : सीएम

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सात अगस्त को प्रदेश में आयोजित होने वाला प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना कार्यक्रम राज्य शासन का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। अन्य राज्यों के मंत्री एवं अधिकारी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मप्र आ रहे हैं। जिस प्रकार क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों द्वारा कोरोना प्रबंधन और प्रदेश का टीकाकरण अभियान पूरे देश में चर्चा का विषय रहा उसी प्रकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत आयोजित हो रहा अन्नोत्सव भी पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रयास यह है कि अन्नोत्सव देश में मिसाल बने। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ तथा कोरोना संक्रमण के संबंध में ताजा जानकारी दी। इस दौरान चौहान ने कहा कि 07 अगस्त को प्रदेश की समस्त 25 हजार 435 उचित मूल्य दुकानों पर अन्नोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक दुकान पर 100 हितग्राहियों को बेग में राशन सामग्री का वितरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 07 अगस्त को सुबह 10 बजे आरंभ होने वाले इस कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 बजे वर्चुअली जुड़ेंगे। प्रभारी मंत्री अपने जिले में कार्यक्रम की तैयारियों के लिए आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करें।

आज (एक्सप्रेस) 5/8/21

# 16 माह बाद राहत का 0, जिले में अब एक भी एक्टिव मरीज नहीं

## सावधानी ज्यादा जरूरी, गाइडलाइन का पालन करेंगे तो नहीं आएगी तीसरी लहर

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना महामारी में करीब 16 माह बाद बुधवार को राहत की सबसे बड़ी खबर मिली। अगस्त के पांच दिनों में एक भी नया मरीज नहीं मिला और एकमात्र एक्टिव मरीज को भी बुधवार को डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके साथ ही जिले में कोरोना मरीजों की संख्या 0 हो गई। अप्रैल 2020 से अगस्त 2021 के बीच 16 माह में पहली व दूसरी लहर में संक्रमण की तेज रफ्तार, मौतों के बाद प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग सहित आमजन को जिले के संक्रमण मुक्त होने का इंतजार था। अब अगले 28 दिनों तक एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आने पर जिला पूरी तरह कोरोना मुक्त हो जाएगा। इसके लिए कोरोना गाइडलाइन का पालन करने के साथ ही बचाव के सभी उपायों पर ध्यान देने की जरूरत है।

### अप्रैल-मई 2021 में लगा था मौतों का शतक

वर्ष 2021 के अप्रैल और मई माह जिलेवासियों के लिए बेहद खतरनाक रहे। इन दोनों माह में प्रतिदिन मिलने वाले नए संक्रमितों की संख्या 400 के करीब आ गई थी। अप्रैल में 5283 संक्रमित मिले व102 लोगों की मौत हुई थी जबकि मई में 6490 नए संक्रमित मिले और 111 लोगों की मौत हुई थी। तब सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों को बेड नहीं मिल रहे थे। उपचार के अभाव में मरीज सड़कों और अस्पताल परिसर में दम तोड़ रहे थे।

### अप्रैल 2020 में दी कोरोना ने दस्तक

उल्लेखनीय है कि शहर में कोरोना का पहला मरीज 11 अप्रैल 2020 को मिला था। इसके पहले चार अप्रैल 2020 को इंदौर में रतलाम के हाट रोड निवासी एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक का शव रतलाम लाकर जनाजा निकालते हुए शव दफनाया गया था। बाद में मृतक के कोरोना पाजिटिव होने की बात सामने आई तो लौहार रोड क्षेत्र में करीब तीन किमी हिस्से को कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया था। टाटानगर निवासी 45 वर्षीय महिला की 27 मई 2020 को हुई मौत, जिले में कोरोना संक्रमण से पहली मौत थी।

**कोरोना संक्रमण पर नजर**



पहला मरीज
11 अप्रैल 2020

पहली मौत
27 मई 2020

0 एक्टिव मरीज
5 अगस्त 2021

कुल संक्रमित
17,500



स्वस्थ हुए
17,189

कुल मौत
311

**अप्रैल 2020 से अब तक की स्थिति पर नजर**

| माह | पाजिटिव मिले | मौत |
|---|---|---|
| अप्रैल | 14 | 00 |
| मई | 23 | 01 |
| जून | 221 | 05 |
| जुलाई | 241 | 03 |
| अगस्त | 555 | 10 |
| सितंबर | 898 | 20 |
| अक्टूबर | 427 | 19 |
| नवंबर | 1,017 | 12 |
| दिसंबर | 786 | 08 |
| जनवरी | 258 | 02 |
| फरवरी | 96 | 02 |
| मार्च | 1,098 | 10 |
| अप्रैल | 5,283 | 102 |
| मई | 6,490 | 111 |
| जून | 181 | 06 |
| जुलाई | 18 | 00 |



## महामारी के दौरान तीन कलेक्टरों का कामकाज

### रुचिका चौहान



पहली लहर में अगस्त 2020 तक जिले की कमान संभाली। तब तक कुल 1054 मरीज मिले थे और 19 मौत हुई थी। अप्रैल में पहला मरीज मिलने के बाद बड़े-बड़े कंटेनमेंट बनवाए। पूरे जिले का लगातार दौरा किया। सामाजिक संस्थाओं से समन्वय बनाकर पूरे लाकडाउन में जरूरी सामग्री लोगों तक पहुंचाने के इंतजाम किए। महाराष्ट्र व गुजरात से प्रवासी मजदूरों को वापस लाने की मुहिम में रतलाम को एंट्री गेट बनाया गया था। जून 2020 में लगातार करीब 100 ट्रेनों से आए करीब 6000 मजदूरों को रतलाम आने के बाद भोजन, सैनिटाइजर सहित अन्य सामग्री देकर बसों से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में भेजा गया।

### गोपालचंद्र डाड



अगस्त 2020 से 07 मई 2021 तक पदस्थापना के समय सर्वाधिक 9863 मरीज मिले और 175 की मौत हुई। दूसरी लहर में इलाज के पर्याप्त इंतजाम नही होने, मेडिकल कालेज मे दबाव बढ़ने और सड़क पर मरीजों की मौत से सवाल खड़े हुए। जिले में विकासखंड स्तर पर भी उपचार की सुविधाएं अधूरी रह गई। संक्रमण बढ़ने के बाद तैयारी शुरू की गई, लेकिन तब तक हालात बिगड़ गए थे। सीएम शिवराजसिंह चौहान ने वीसी में हालातों की समीक्षा की और सात मई को तबादले के आदेश जारी कर दिए।

### कुमार पुरुषोत्तम



09 मई 2021 को पदभार संभालने के बाद पहली बैठक में ही साफ कर दिया कि संक्रमण के डर से शासकीय अमला घर नही बैठेगा, बल्कि पूरी सावधानी व मनोबल के साथ मैदान मे उपस्थिति रहेगी। मई माह मे संक्रमण दर 36 से 40 प्रतिशत व प्रतिदिन मौत का आंकड़ा भी 06 तक पहुंच गया था। लगातार स्क्रीनिंग और योजनाबद्ध काम से करीब तीन महीने बाद जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 0 पर पहुंच गई।

## संक्रमण से ऐसे मुक्त हुआ जिला

### ट्रेक-ट्रेस और टेस्टिंग



मई माह में मेडिकल कालेज में आने वाले अधिकांश मरीज गंभीर हालात मे पहुंच रहे थे। ऐसे में ट्रेक, ट्रेस और टेस्टिंग की योजना बनाई गई। मरीजो की हिस्ट्री से पता लगाया कि गांवो, कस्बों मे वे कहां किस झोलाछाप से इलाज लेते रहे, जिससे समय पर ठीक से उपचार नही हो पाया। ऐसे लोगों को चिह्नित कर वहां सख्ती कर झोलाछाप के उपचार बंद कराए गए। सघन सर्वे कर ज्यादा टेस्टिंग कराई गई।

### सीटी स्कैन कराने वालों की जानकारी ली



कई पाजिटिव मरीजों ने टेस्टिंग नही कराई और सीटी स्कैन कराकर निजी अस्पतालों मे उपचार लेना शुरू कर दिया था। निजी लैब से सीटी स्कैन कराने वालों का डाटा लेकर संबंधितों की मानीटरिंग की गई। संक्रमित व्यक्ति के स्वजनों को घर मे ही आइसोलेट करने पर जोर देते हुए घर पर ही टेस्टिंग की व्यवस्था कराई गई।

### ग्रामीण क्षेत्रों में 300 बेड बढ़ाए



मेडिकल कालेज पर दबाव कम करने व गांव मे ही संक्रमित को तत्काल प्राथमिक उपचार देने के लिए जिले में ग्रामीण क्षेत्रों मे स्वास्थ्य केंद्रों पर 300 बेड बढ़ाए गए। किल कोरोना के सर्वे में हर घर पर दल पहुंचा और गुणवत्ता वाली दवाएं दी गई। ज्यादा संक्रमण पर 270 से ज्यादा कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए गए। करीब 6500 लोगों को आइसोलेट किया गया।

जिला पूर्णतः कोरोना मुक्त रहे, इसके लिए अब वैक्सीनेशन पर ध्यान देने की जरूरत है। रतलाम शहर में 85 प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है। जिले मे भी लगातार वैक्सीनेशन किया जा रहा है। अभी कोरोना समाप्त नही हुआ है। 36 हजार लोगों ने दूसरा डोज नही लगवाया है। संक्रमण से बचने के लिए दोनों डोज जरुरी है। **-कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर**

(12)

# डेढ़ साल में पहली बार रतलाम में एक भी एक्टिव कोरोना केस नहीं

## कलेक्टर ने सभी नागरिकों से वैक्सीनेशन की अपील की

प्रसारण न्यूज • रतलाम

डेढ़ साल में रतलाम में पहली बार बुधवार को यह स्थिति बनी कि एक भी कोरोना एक्टिव पेशेंट नहीं है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने इस सुखद स्थिति के लिए नागरिकों की सजगता, सतर्कता एवं चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की सराहना की।

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि डेढ़ वर्ष बाद रतलाम में एक भी कोरोना एक्टिव पेशेंट नहीं होना सुखद है, मगर हमें इस स्थिति को बनाए रखना है। अभी कोरोना समाप्त नहीं हुआ है, हमें सभी एहतियात बरतना है । उन्होंने कहा कि रतलाम शहर में वैक्सीनेशन को लेकर सुखद स्थिति बनी है। यहां लगभग 85 प्रतिशत



वैक्सीनेशन हो चुका है। यही स्थिति रतलाम जिले में भी हमें बनानी है, इसके लिए उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे वैक्सीनेशन अवश्य करवाएं।

प्रसारण

श्री पुरुषोत्तम ने बताया कि जिन्होंने पहला डोज लगवा लिया है और दूसरा डोज लगवाना है, वे प्राथमिकता के आधार पर सेकंड लगवाए। अभी 36 हजार ऐसे लोग हैं जिनका सेकंड है ड्यू है। उन्हें सेकंड लगवाने के लिए कलेक्टर ने अपील की।

उन्होंने कहा कि रतलाम शहर में 5 अगस्त को इसीलिए सिर्फ सेकंड डोज के लिए ही वैक्सीनेशन कैंप लगाया जा रहा है। आने वाले समय में भी रतलाम शहर में ब्लाक बुकिंग के अतिरिक्त सेकंड डोज के लिए ही अधिक कैंप लगाए जाएंगे, ताकि शहर में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो जाए। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस स्थिति को बनाए रखने के लिए मास्क का प्रयोग अवश्य करें, सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें और सभी एहतियाती उपायों पर ध्यान दें।

प्रसारण 5/8/21

(16)

बुधवार को एक भी एक्टिव केस और नया मरीज नहीं आया सामने

# रतलाम को मिली राहत : डेढ़ वर्ष के कड़े संघर्ष के बाद हुआ कोरोना मुक्त

| 243797 | 243062 | 135819 | 17500 | 17189 | 0311 |
|---|---|---|---|---|---|
| कोरोना संदिग्धों की जांच | लैब से आई जांच रिपोर्ट | कोरोना की नेगेटिव आई रिपोर्ट | जिले में कुल कोरोना पॉजिटिव | डिस्चार्ज किए मरीजों की संख्या | कोरोना से कुल मौत |

## अप्रैल 2020 में रतलाम में कोरोना ने दी थी दस्तक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार अब पूरी तरह से थम चुकी है। कोरोना की दस्तक के बाद डेढ़ वर्ष में यह पहला मौका है जबकि रतलाम में एक भी एक्टिव केस नहीं है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कोरोना भविष्य में मरीज नहीं मिलेंगे। इससे बचने के लिए फिलहाल एक ही उपाय कारगर सिद्ध हो रहा है और वह है वैक्सीनेशन। क्यो कि इस महामारी से आमजन को बचाने में कई कोरोना योद्धाओं को अपनी जान भी गवाना पड़ी है।

रतलाम जिले में कोरोना का पहला मामला अप्रैल 2020 में सामने आया था। दरअसल एक व्यक्ति की इंदौर में मौत होने के बाद उसका शव परिजन रतलाम ले आए थे। लॉकडाउन के इस दौर में एंबुलेंस से शव रतलाम लाने के बाद बड़ी संख्या में लोग मृतक के जनाजे में शामिल हुए थे। बाद में इस बात की जानकारी पुलिस और प्रशासन को मिली तो हड़कंप मच गया था। बाद में मृतक की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी और परिवार के सदस्यों की जांच कराए जाने पर उनमें से भी कुछ पॉजिटिव पाए गए थे, जिसके बाद शहर के एक हिस्से को पूरी तरह से कंटेनमेंट बना दिया गया था।



### कम पड़ गई ऑक्सीजन

कोरोना के पहले दौर के बाद हालात संभले ही थे कि अप्रैल और मई 2021 में कोरोना की दूसरी लहर आ गई। यह इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते मरीज को ऑक्सीजन की कमी होने लग जाती थी। यह दौर ऐसा था कि हर कोई अपने आप को असहाय महसूस करने लगा था, न अस्पताल में बेड थे और न ऑक्सीजन। ऐसे में लोग मेडिकल कॉलेज के बाहर ही उपचार के अभाव में दम तोड़ते नजर आए लेकिन अब हालात फिर से पूरी तरह से बदल चुके है।

### वैक्सीन बनी रक्षक

कोरोना की दूसरी लहर की शुरुआत के पहले जनवरी से ही वैक्सीनेशन की शुरुआत हो गई थी लेकिन शुरुआती दौर में इसकी रफ्तार बहुत ही कम थी। बाद में जैसे-जैसे वैक्सीन आते गए और शासन से अनुमति मिलती गई, वैसे-वैसे पहले 45 प्लस और बाद में 18 प्लस के लोगों के वैक्सीनेशन की महाअभियान के रूप में शुरुआत हो गई। वर्तमान में रतलाम शहर में 85 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन लग चुके है। ग्रामीण क्षेत्र में पचास प्रतिशत से अधिक वैक्सीनेशन हो चुका है।

डेढ़ साल बाद रतलाम जिला पूरी तरह से कोरोना मुक्त हो गया है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि भविष्य में मरीज नहीं निकलेंगे। कोरोना का वायरस कही भी कभी भी फेल सकता है। इससे बचने का एक ही उपाय है वैक्सीनेशन, रतलाम शहर ने वैक्सीनेशन में अच्छी पहल की है, यहां 85 प्रतिशत लोगों को वैक्सीनेशन हो चुका है। अभी 36 हजार लोगों का सेंकड डोज बाकी है। अब प्राथमिकता सेंकड डोज लगवाना है। **-कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर



## केरल से चार लोग पहुंचे रतलाम, रिपोर्ट नेगेटिव

**बाहर से आए परिवार ने स्वयं दी जानकारी, रिपोर्ट नेगेटिव होने पर घर पर किया क्वारंटाइन**

रतलाम. जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार वैसे तो थम चुकी है और आम जन जीवन भी पटरी पर आ गया है लेकिन कोरोना की तीसरी लहर का खतरा अभी टला नहीं है। संक्रमण के बढ़ते खतरे के बीच अब प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की नजर केरल से आने वाले लोगों पर है। ऐसे में मंगलवार को केरल से चार लोगों के रतलाम पहुंचने की सूचना भी स्वास्थ्य विभाग को मिली है। हालाकि यह जानकारी स्वयं बाहर से आए परिवार ने दी।

परिवार ने रतलाम आने के बाद अब कोरोना टेस्ट की नेगेटिव रिपोर्ट भी प्रस्तुत की हैं जो कि वह कराकर आए थे। नेगेटिव रिपोर्ट देख प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के महकमें ने राहत की सांस ली और उक्त परिवार को अन्य स्थान पर क्वारंटाइन न करते हुए घर पर ही क्वारंटाइन रहने की हिदायत दी है। दरअसल संक्रमण की रफ्तार दोबारा से केरल से ही बढ़ने लगी है। ऐसे में वहां से आने वाले लोगों पर स्वास्थ्य विभाग को नजर रखने के निर्देश जारी किए है। साथ ही बाहर से आने वाले परिवारों को भी यहां कंट्रोल रूम पर उनके केरल से आने की जानकारी दर्ज कराए जाने के निर्देश जारी किए हैं। वहीं दूसरी ओर प्रशासन द्वारा हर दिन सैंकड़ों लोगों के रेंडम स्तर पर कोरोना टेस्ट कराए जा रहे हैं, जिससे कि यदि कोई व्यक्ति संक्रमित होने के बाद भी घूम रहा है तो वह पकड़ में आ सके। वर्तमान में 700 से अधिक सैंपल की कोरोना जांच रिपोर्ट आना शेष है। फिलहाल एक ही केस होने से हर कोई राहत की सांस ले रहा है लेकिन जिस गति से अन्य स्थानों पर प्रकरण बढ़ने लगे हैं, उसे देख यहां भी जिम्मेदारों को चिंता सताने लगी है।

पत्रिका 5/8/21

(1)



# 226 पथ विक्रेताओं के ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत कर वितरित किए

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगरीय क्षेत्र के पात्र पथ विक्रेताओं को संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किए जाने हेतु स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा व बैंक ऑफ बड़ौदा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने उपायुक्त विकास सोलंकी, जिला अग्रणी बैंक दिलीप सेठिया, स्टेट बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक अरुणसिंह, स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक सुश्री दीपिका यादव, बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य प्रबंधक सुरेन्द्रसिंह लाथार ने कुल 226 ऋण प्रकरणों को स्वीकृत कर वितरित किया गया।

इस अवसर पर स्टेट बैंक मुख्य प्रबंधक क्रेडिट जितेन्द्र कानून, स्टेट बैंक कस्तुरबा नगर रवि दीपान, स्टेट बैंक औद्योगिक इन्द्रजीत, स्टेट बैंक तोपखाना पवन, स्टेट बैंक कलेक्टोरेट योगेश मीणा, स्टेट बैंक हाथीखाना वीरेन्द्र, ई विजया से श्री श्रीवास्तव, ई देना से सौरभ, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोलिया, श्रीमती रेखा राठौर, हेमा सिलावट, सुश्री निर्मला राय सहित पात्र पथ विक्रेता उपस्थित थे।

स्वदेश

स्वदेश 5/8/21

(4)

# गंदगी होने पर भी जुर्माना नहीं किया, 5 कर्मियों को बर्खास्तगी का नोटिस

## एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सार्वजनिक स्थानों और दुकानों के बाहर कचरा व गंदगी मिलने पर स्पॉट फाइन दल कार्रवाई नहीं की। इस पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्पॉट फाइन दल के पांच कर्मचारियों को बर्खास्त करने का नोटिस जारी किया है। साथ ही एक दिन का वेतन भी काट दिया।

दल के मनोज टांक, पवन झांझोट, मनोज झांझोट, राकेश ललावत व आकाश शिंदे पर की गई। आयुक्त झारिया ने बताया साफ-सफाई को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## 82 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा

शहर के कचरे का प्रतिदिन तौल किया जा रहा है। बुधवार को 82 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा। इसमें भी डंपर व ट्रैक्टर ट्रॉली से 35940 टन, काम्पेक्टर से सूखा कचरा 29965 टन व गीला कचरा 14240 टन पहुंचा। मैजिक 1955 किलो कचरा आया। 82100 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा। भास्कर

दै. भास्कर 5/8/21

## गंदगी फैलाने वाले 17 लोगों से जुर्माना वसूला

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी, जोन प्रभारी व स्पाट फाइन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर संजय, गिरीश अलकापुरी से 500-500, कान्हसिंह सूर्यवंशी, प्रियंका, विनोद, दिलीप, अर्जुन शहर सराय, रतनलाल, लालाभाई, प्रकाश, तोपखाना, जय, चंदन, राजू, शांति पाटीदार, ए. पुरोहित सैलाना बस स्टैंड, जीवनलाल, रतनसिंह चौमुखीपुल से 100-100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी गई। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी पर्वत हाडे, किरण चौहान, विनय चौहान द्वारा की गई।

[illegible] 5/8/21

## बारिश से कीचड़, शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सफाई

रतलाम | लगातार हो रही बारिश से महू-नीमच रोड पर कीचड़ ही कीचड़ हो रहा है। यहां स्थित दुकानों में गंदा पानी घुसने के साथ ही कीचड़ हो रहा है। दुकान के बाहर कीचड़ ही कीचड़ होने के कारण लोग परेशान हैं। क्षेत्रवासियों ने इसकी शिकायत निगम प्रशासन को करने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। —भास्कर



दै. भास्कर 5/8/21

(21)

# कम लागत में सर्व सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

## नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने ओपन हाउस चर्चा में कहा



भोपाल, (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कम लागत में सर्व सुविधायुक्त आवास उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है।

श्री सिंह ने बुधवार को यह बात प्रस्तावित तुलसी टॉवर-2 के संबंध में सुझाव के लिए आयोजित ओपन हाउस चर्चा में कही। श्री सिंह ने कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट के निर्माण में हरियाली का पूरा ध्यान रखा जायेगा। प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा बनाया गया है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि किसी प्रोजेक्ट के बारे में सभी लोगों से चर्चा करने का यह अभिनव प्रयास सराहनीय है। चर्चा में जो भी महत्वपूर्ण सुझाव आयेंगे, उसके आधार पर जरूरी सुधार किये जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि भोपाल तेजी से बढ़ता हुआ शहर है। यहाँ पर्यावरण सुरक्षा सहित अन्य जरूरी पैरामीटर्स पर बेहतर कार्य करने की जरूरत है। लगातार प्रयास है कि भोपाल का विकास व्यवस्थित तरीके से हो।

श्री सिंह ने कहा कि भोपाल स्थित लेक को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की प्लानिंग है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी की रैंकिंग में भोपाल को देश में प्रथम स्थान मिला है। स्मार्ट सिटी में अनेक प्रोजेक्ट आ रहे हैं। श्री सिंह ने बताया कि कंपाउण्डिग 10 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दी गयी है। शहर में 2016 की स्थिति में बनी अवैध कॉलोनियों को वैध करने के साथ ही यह सुनिश्चित किया जायेगा कि अब कोई नई अवैध कॉलोनी नहीं बने।

मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के आयुक्त भरत यादव ने बताया कि 1.91 एकड़ में निर्माण कार्य करवाया जाएगा। योजना में कुल 120 प्रकोष्ठ भवनों का निर्माण होगा। 3- बीएचके वाले कुल 46 फ्लेट्स होंगे एवं बिल्ट-अप एरिया लगभग 1800 वर्गफुट का होगा। 4- बी.एच.के. वाले कुल 68 फ्लेट्स होंगे एवं बिल्ट-अप एरिया लगभग 2150 वर्गफुट का होगा। इसके अतिरिक्त 20वें एवं 21वें तल पर 6 पेंट हाउस का निर्माण किया जाएगा, जिनका बिल्ट-अप एरिया लगभग 3800-4400 वर्गफुट का होगा। आवासीय फ्लेट्स हेतु बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर एवं पोडियम लेवल सहित कुल तीन फ्लोर्स पर 329 चार पहिया वाहनों की पार्किंग सुविधा प्रदान की जायेगी। प्रत्येक फ्लेट को दो पार्किंग तथा हाउस के लिये तीन पार्किंग दिया जाना प्रस्तावित है। स्टील्ट फ्लोर पर संपूर्ण तल मनोरंजनात्मक गतिविधियों हेतु क्लब हाउस का निर्माण किया जायेगा, जिसमें इंडोर गेम्स हेतु कमरों का निर्माण किया जायेगा तथा इसके अतिरिक्त स्वीमिंग पूल, बच्चों के लिये पृथक स्वीमिंग पूल, बास्केट बॉल कोर्ट एवं लॉन का प्रावधान भी किया जाएगा।

राज एक्सप्रेस 5/8/21

9

# डेंगू : घर-घर टीम पहुंचना शुरू, 14 घरों में मिला लार्वा



स्वास्थ्य विभाग के अमले ने कंटेनर सर्वे किया।

## बुधवार को सात मरीज बुखार के मिले

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में डेंगू की लगातार बिगड़ती स्थिति को लेकर अब घर-घर टीम पहुंचना शुरू हो गई है। बुधवार से इसकी शुरुआत हुई, जिसमें 25 दल अलग-अलग वार्डों में पहुंचे। 7 बुखार के मरीज सामने आए हैं, अब इनकी जांच की जाएगी। हालांकि, सभी सामान्य है।

महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर में डेंगू को लेकर सर्वे शुरू कर दिया है। बुधवार को 927 घरों में टीमें पहुंची। इस दौरान कंटेनरों में लार्वा की भी तलाश की गई। 14 घरों में डेंगू का लार्वा पाया गया है। वहीं, सैलाना यार्ड, दिलीप नगर, चिंगीपुरा, सुभाष नगर, राजेंद्र नगर में 7 मरीज ऐसे मिले हैं, जिन्हें बुखार था। टीम ने प्राथमिक ट्रीटमेंट दिया है।

## सीएमएचओ और निगमायुक्त को कदम उठाने के लिए कहा

विधायक चेतन्य काश्यप ने स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम को डेंगू रोकथाम के कदम तेजी से उठाने के निर्देश दिए। बुधवार को विधायक काश्यप ने सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा की। उन्होंने बताया शहर में अब तक 89 लोगों के डेंगू पॉजिटिव होने की सूचना है। डेंगू का लार्वा जहां भी उत्पन्न होता है, सूचना तत्काल नगर निगम अथवा प्रशासन को दें। इससे उसकी समय पर रोकथाम की जा सकेगी। विधायक काश्यप ने बताया स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और महिला बाल विकास का दल घर-घर जाकर सर्वे करेगा। डेंगू के उपचार में प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती है। इसकी व्यवस्था के लिए सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर को ब्लड कम्पोनेंट यूनिट के लिए लायसेंस की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के लिए कहा।

## आप रहें सावधान, खुली बांह वाले कपड़े न पहनें

मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि बुधवार को नया केस रिपोर्ट नहीं हुआ, ये अच्छी बात है। डेंगू के केस नहीं बढ़े इसके लिए सावधानी रखना बहुत जरूरी है। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पैदा होता है, ऐसे में घरों के आसपास साफ पानी जमा ना होने ना दें। फुल आस्तीन के कपड़े पहने साथ ही मच्छरों से बचाव के लिए सभी सावधानी रखें। दल घर-घर जा रहे हैं, यदि किसी को भी बुखार अथवा अन्य समस्या हो तो उन्हें खुलकर बताएं। भास्कर

दै. भास्कर 5/8/21

13

# फिर बढ़ रहा है कोरोना, बचाव के लिए सतर्कता जरूरीः मुख्यमंत्री

## प्रदेश में 6 से 28 हुए कोरोना पॉजिटिव

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कल 71 हजार 103 टेस्ट किये गये हैं। इनमें 28 पॉजिटिव आये हैं। प्रदेश में पॉजिटिव आने की संख्या घटकर 6 तक हो गई थी। अब बढ़ते-बढ़ते यह 28 तक पहुँच गई है। दमोह में 15 और सागर में 7 पॉजिटिव केस आये हैं। बुंदेलखण्ड में पॉजिटिव केस मिलना चिंता का विषय है।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्मार्ट उद्यान में मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है। प्रदेशवासी मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग जैसी सावधानियों का अनिवार्यतः पालन करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि बहुत अधिक सावधानी की आवश्यकता है। पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में भी केस बढ़ रहे हैं। केरल की स्थिति भी सामने है। अतः प्रदेशवासी सतर्क और सावधान रहकर तीसरी लहर को रोकने में सहयोग प्रदान करें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य शासन द्वारा सभी आवश्यक उपाय किये जायेंगे। टेस्टिंग के साथ साथ लोगों को आइसोलेट करने, माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाने जैसी कार्यवाईयाँ की जायेंगी।

5/8/21

17

8 मई को 398 के पीक के बाद आज पढ़िए कोरोना काल की सबसे बड़ी खुशी

भास्कर

# 0 एक्टिव केस, दो माह लॉकडाउन, 244905 सैंपल, 481 दिन बाद रतलाम संक्रमण से मुक्त

भास्कर संवाददाता | रतलाम

## अच्छी खबर; जिले में रिकवरी रेट 98%, 10 दिन से कोई नया पॉजिटिव नहीं

जिलेवासियों के लिए अच्छी खबर यह है कि बीते 10 दिनों से कोई भी कोरोना संक्रमित न पाए जाने से गुरुवार को जिले में एक्टिव केस की संख्या 0 हो गई। इसके साथ ही कोरोना काल के 481 दिन बाद जिला पहली बार संक्रमण मुक्त होकर ग्रीन जोन में आ गया है। पिछले 10 दिन में जिलेभर में 9800 लोगों के सैंपल लेकर जांच की गई। इनमें एक भी कोरोना संक्रमित मरीज नहीं मिला। होम आइसोलेशन में मौजूद आखिरी एक्टिव केस को भी बुधवार शाम को डिस्चार्ज कर दिया गया। 8 मई को जिले ने 398 मरीजों का पीक देखा था। दो लाख 44 हजार 905 सैंपल, माइक्रो कंटेनमेंट व किल कोरोना सर्वे से ये स्थिति बनी है।

### 550 बेड वाला मेडिकल कॉलेज खाली

दूसरी लहर में जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज में कोरोना मरीजों को भर्ती कर इलाज दिया जा रहा था। जैसे-जैसे कोरोना संक्रमण घटता गया, यह अस्पताल खाली होते चले गए। जून महीने के मध्य से कोविड वार्ड बंद होने लगे थे। अभी सिर्फ ग्राउंड फ्लोर पर मरीजों के लिए बेड आरक्षित है लेकिन वहां भी मरीज नहीं है।

### डेल्टा प्लस को लेकर राहत

प्रदेश में डेल्टा प्लस वैरिएंट के मरीज सामने आने के बाद जिले से भी हर महीने 15 सैंपल जांच के लिए दिल्ली एनसीडी लैब भेजे जा रहे हैं। अब तक इनमें से एक भी सैंपल में डेल्टा प्लस वैरिएंट की पुष्टि नहीं हुई है। 20 मरीजों में डेल्टा वैरिएंट मिला है। वहीं पोस्ट कोविड मरीजों में ब्लैक फंगस का खतरा भी कम हुआ है। जुलाई के महीने में ब्लैक फंगस का एक भी मरीज सामने नहीं आया है। अब तक किसी की मौत का मामला भी नहीं आया है।

### ये रहे कोरोना ग्राफ घटने के कारण

- मई में बाजार पूरी तरह बंद रहे। जून से शर्तों के साथ दुकानें खोलने की अनुमति दी गई।
- शहर में लगातार रैंडम सैंपलिंग जारी रही।
- प्रशासन का जोर माइक्रो कंटेनमेंट पर रहा।
- जो मरीज मिल रहे थे, उन्हें कोविड सेंटर भेजा गया।
- मास्क को लेकर प्रशासन के साथ ही नगर निगम, राजस्व विभाग ने सख्ती की। यह अभी भी जारी है।
- निगरानी के लिए किल कोरोना अभियान चलाया।
- शहर के नाकों पर टीम लगी, संदिग्ध लोगों की जांच की गई, इसमें से भी कई पॉजिटिव निकले उन्हें क्वारेंटाइन किया।
- ग्रामीण क्षेत्र में मृत्युभोज और विवाह समारोह में विशेष ध्यान रखा।

### और... प्रशासन ने की है पुख्ता तैयारी

जिले में एक्टिव केस भले ही 0 हो गए। लेकिन तीसरी लहर का खतरा अभी बना हुआ है। तीसरी लहर को लेकर चेतावनी जारी है। दो लहर से सबक ले चुका प्रशासन अभी से तैयारियों में जुट गया है। सबसे ज्यादा असर बच्चों पर होने की संभावना है इसलिए मेडिकल कॉलेज में विशेष तौर पर बच्चों का नया पीआईसीयू व अतिरिक्त वार्ड बनाया गया है। बाल चिकित्सालय को नए सिरे से तैयार किया जा रहा है। इसमें 75 बेड रहेंगे। जो सभी ऑक्सीजन युक्त हैं। इस महीने रिनोवेशन का काम पूरा हो जाएगा। जिला अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपकर टीम का गठन किया गया है। कलेक्टर लगातार अपडेट ले रहे हैं।

### फरवरी में 3 बार एक भी संक्रमित नहीं

जिले में दूसरी लहर से पहले फरवरी के महीने में तीन मौके आए थे, जब 0 पॉजिटिव मिले थे। 3, 5 और 11 फरवरी को संक्रमित की संख्या 0 थी। इससे पहले 23 जुलाई 2020 को ऐसा हुआ था। 11 फरवरी तक मेडिकल कॉलेज में सिर्फ 9 मरीज बचे थे। इसके बाद दूसरी लहर की शुरुआत हुई।

### जीत... 75% पहुंचने के बाद बढ़ा रिकवरी रेट, अब 98% से ज्यादा

- कोरोना काल में रिकवरी के मामले में जून और सितंबर 2020 सबसे खराब रहे थे, इन महीनों में रिकवरी रेट 50% के नीचे भी आ गया था।
- नवंबर के महीने में रिकवरी रेट 80% के नीचे रहा था, 26 नवंबर के बाद रिकवरी रेट बढ़ा था, जो मार्च के शुरुआती दिनों तक 97% से ज्यादा हो गया था।
- अप्रैल के शुरुआती दिनों में रिकवरी रेट 86% के आसपास रहा था जो 1 और 5 अप्रैल को 86.71% दर्ज किया गया था।
- 1 मार्च से अब तक 12879 लोग ठीक हो चुके हैं, अच्छी बात यह है कि इनमें से 55% लोग घर पर रहकर ही ठीक हो गए।

- जिले मे अभी एक्टिव केस 0 हो चुके हैं। 14 मई को यह आंकड़ा 3700 के पार पहुंच गया था, जो चिंताजनक स्थिति थी।

### ऐसा रहा शहर का रिकवरी रेट

| दिनांक | रिकवरी | दिनांक | रिकवरी |
|---|---|---|---|
| 15 मार्च | 96.75 | 31 मई | 93.90 |
| 31 मार्च | 87.26 | 1 जून | 94.36 |
| 1 अप्रैल | 92.00 | 15 जून | 97.12 |
| 15 अप्रैल | 82.86 | 30 जून | 97.00 |
| 30 अप्रैल | 81.53 | 1 जुलाई | 98.07 |
| 1 मई | 81.90 | 15 जुलाई | 98.19 |
| 15 मई | 75.66 | 30 जुलाई | 98.21 |

### किस माह में कितनी मौतें

| दिनांक | मौत | दिनांक | मौत |
|---|---|---|---|
| अप्रैल-20 | 0 | दिसंबर | 8 |
| मई | 1 | जनवरी | 2 |
| जून | 5 | फरवरी | 2 |
| जुलाई | 3 | मार्च | 10 |
| अगस्त | 10 | अप्रैल | 102 |
| सितंबर | 20 | मई | 111 |
| अक्टूबर | 19 | जून | 6 |
| नवंबर | 12 | जुलाई | 0 |

### किस माह में कितने मरीज मिले

| दिनांक | मरीज | दिनांक | मरीज | दिनांक | मरीज |
|---|---|---|---|---|---|
| अप्रैल | 14 | अक्टूबर | 427 | अप्रैल | 5206 |
| मई | 23 | नवंबर | 1017 | मई | **6495** |
| जून | 121 | दिसंबर | 722 | जून | 180 |
| जुलाई | 241 | जनवरी | 258 | जुलाई | 18 |
| अगस्त | 555 | फरवरी | 96 | अगस्त | 0 |
| सितंबर | 898 | मार्च | 1080 | कुल | 00 |

### रतलाम जिला हुआ कोरोना मुक्त, लेकिन लापरवाही ना करें

*डेढ़ साल बाद आज ऐसा दिन आया जब रतलाम कोरोना मुक्त हुआ है। पूरे जिले में कोई भी केस नहीं है। ये हर्ष की बात है। लेकिन इसका आशय ये नहीं कि भविष्य में पैशेंट नहीं निकलेंगे। रतलाम शहर में वैक्सीनेशन 85% से ज्यादा हो चुका है। सावधानी रखना होगी। सेकंड डोज में लापरवाही ना करें।*

**कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर, रतलाम

दै. भास्कर 5/8/21

(8)

# डेंगू के नौ नए मरीज मिले, 14 घरों में मिला लार्वा

## शहर में बुधवार को 927 घरों का सर्वे किया, आज से चालानी कार्रवाई भी

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर में 24 घंटे के अंदर डेंगू के नौ औरर नए मरीज मिलने पर इस साल अब तक 85 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। निजी अस्पतालों में उपचार ले रहे मरीजों को मिलाकर जिले में इस साल सात माह में कुल 105 मरीज मिल चुके हैं। लगातार डेंगू के मरीज मिलने पर शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने निगमायुक्त व सीएमएचओ को बचाव संबंधी उपाय व सर्वे करवाने के निर्देश दिए हैं।

अभी संदिग्ध के रूप में चिन्हित मरीजों की जांच रिपोर्ट आना बाकी है। किट की जांच में डेंगू के लक्षण मिले हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग एलायजा टेस्ट रिपोर्ट के बाद ही डेंगू की पुष्टि करता है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि डेंगू के जो नए मरीज मिले हैं, वह पुराने संदिग्धों की रिपोर्ट में पुष्टि हुई है। प्रशिक्षित टीमें घर-घर जाकर फीवर सर्वे



के साथ बचाव के उपाय बता रही हैं।

**36 टीमों को सर्वे में लगाया**

बुधवार को शहर के 49 वार्डों में मलेरिया विभाग की टीम ने फीवर सर्वे किया, जिसमें बुखार के सात मरीज मिले हैं। सर्वे में 36 टीमों को लगाया है। बुधवार को 25 टीमों ने 927 घरों का सर्वे किया। 14 घरों में लार्वा मिला है, जिसे नष्ट कराया गया है। आज फागिंग अभियान चलेगा और लार्वा मिलने पर चालान की कार्रवाई भी नगर निगम के माध्यम से होगी।

नईदुनिया

**रेडक्रास की सोनोग्राफी आज से चालू**

सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने बताया कि रेडक्रास की सोनोग्राफी गुरुवार से चालू हो जाएगी। यहां डा. ललित जैन सुबह 9:30 से दोपहर 2:00 बजे तक सोनोग्राफी जांच करेंगे। रेडक्रास की दुकान के सामने ही यह सुविधा लोगों को मिलेगी।

**शहरवासी सर्वे में सहयोग करें**

विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर में डेंगू के मामले बढ़ने पर चिंता जताई है। उन्होंने सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे से चर्चा कर रोकथाम के कदम उठाने व नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फागिंग शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। विधायक काश्यप ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं महिला बाल विकास का दल घर-घर जाकर सर्वे करेगा। शहरवासी इसमें सहयोग दें। डेंगू के उपचार में प्लेटलेट्स की आवश्यकता को लेकर सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर को जिला चिकित्सालय में ब्लड कम्पोनेंट यूनिट शुरू करने के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**बसंत कालोनी के रहवासी आज करेंगे प्रदर्शन**

**रतलाम।** कीचड़ व जलभराव की परेशानी को लेकर शहर के बसंत कालोनी के निवासी गुरुवार को ऊंकाला रोड पर जिम्मेदारों के विरुद्ध धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम करेंगे। टाइगर ग्रुप के अध्यक्ष लखन राजवनिया ने बताया की बसंत कालोनी की सड़को की हालत बहुत खराब हो गई है। कोई भी अधिकारी इस पर ध्यान नही दे रहा है। क्षेत्र की जनता की परेशानी को देखते हुए धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जायेगा

नईदुनिया 3/8/21

(22)

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने अधोसंरचना समूह के प्रेजेंटेशन के दौरान कहा

# जन-कल्याण से जुड़े कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए



भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आत्म-निर्भर मप्र के तहत अधोसंरचना सेक्टर में महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया गया है। जन-कल्याण से जुड़े कार्यों की तेजी से पूर्णता सुनिश्चित की जाए।

कोरोना के संकट के बाद भी आत्म-निर्भरता की दिशा में एक वर्ष से कम अवधि में विभिन्न समूहों ने बेहतर कार्य कर दिखाया है। आज यह आवश्यकता है कि प्रत्येक क्षेत्र में कुछ नवीन और अभिनव प्रयास किए जाएं। इंदौर और भोपाल में मेट्रो रेल परियोजना के कार्यों को मुख्यमंत्री ने गति के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेल परियोजना के कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए जल्द से जल्द सुविधा विकसित की जाए। शीघ्र ही इस संबंध में पृथक बैठक में समीक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में आत्म-निर्भर मप्र के रोडमैप के तहत गठित अधोसंरचना समूह के प्रस्तुतिकरण पर यह बात कही। चौहान ने कहा कि बजट संसाधनों के अनुरूप विकास, नवीन तकनीक, नए सोच और विभागों के सेटअप में आवश्यकतानुसार वृद्धि के उपायों पर अमल किया जाए। इससे निश्चित ही अधोसंरचना से जुड़ी जन-सुविधाओं को बढ़ाना आसान होगा। उन्होंने विभागवार प्रेजेंटेशन देखा।

## 10 साल से अधिक टोल वाले बीओटी परियोजनाओं की समीक्षा

प्रेजेंटेशन में बताया गया कि प्रदेश में 200 सड़कों के साइंटिफिक ट्रेफिक सर्वे के लक्ष्य को लेकर कार्य प्रारंभ किया गया था। अब तक 82 सड़कों के यातायात सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है।10 साल से अधिक टोल पर संचालित सभी बीओटी परियोजनाओं की समीक्षा की जा रही है।

## 8,000 करोड़ से पांच लाख हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता बढ़ेगी

जल संसाधन विभाग के प्रेजेंटेशन में बताया गया कि 6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में चरणबद्ध सिंचाई क्षमता के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्य हो रहा है। मार्च 2021 तक 1.15 लाख हैक्टेयर में लक्ष्य प्राप्त किया गया है। दिसम्बर 2023 तक 3.15 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई होगी। कुल 5 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता के लिए इस वर्ष के अंत तक 8 हजार करोड़ की नई परियोजनाओं के कार्यों का आवंटन किया जा रहा है।

## शहरों में तीन लाख आवासों का होगा निर्माण

प्रदेश के 378 शहरों में कम आय वर्ग के लोगों के लिए 3 लाख आवास इकाइयों का निर्माण होना है। मार्च 2021 तक 44 हजार 418 मकान बन गए हैं। प्रदेश के 49 शहरों में सीवरेज सिस्टम को कार्यशील बनाने के लिए मार्च 2021 तक 7 शहरों में काम पूरा हो गया है। मार्च 2022 तक 9 शहरों में कार्य पूरा होगा। वर्ष 2023 के अंत तक 49 शहरों में कार्य को सम्पन्न किया जाएगा। प्रदेश के 41 शहरों में मार्च 2021 तक नल से जल प्रदाय के अतिरिक्त कार्य हुए हैं। मार्च 2022 तक 36 शहरों और दिसम्बर 2023 तक 100 शहरों तक यह सुविधा ले जाने का लक्ष्य है।

## ग्रामीण सडकों पर भी अब भारी वाहनों से टोल वसूली होगी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रेजेंटेशन में बताया गया कि ऐसे गांव, जिन्हें बारहमासी सड़कों से अभी तक नहीं जोड़ा गया है, के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन जुटाने, मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के भारी यातायात वाले चिन्हित मार्गों पर टोल संग्रहण प्रणाली के पॉयलट आधार पर अमल और ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना से जुड़े कार्यों के लिए उप यंत्री और सहायक यंत्री के पदों पर नियुक्ति के सुझाव पर क्रियान्वयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि टोल से प्राप्त आय का उपयोग ग्रामों तक अच्छी सड़कें बनाने में किया जाए। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के प्रेजेंटेशन के दौरान मुख्यमंत्री ने ओंकारेश्वर में 600 मेगावॉट के फ्लोटिंग सोलर पार्क के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को तीव्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। नर्मदा घाटी विकास विभाग के प्रेजेंटेशन में जानकारी दी गई कि 5 परियोजनाओं के कार्यों को पूरा किया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रेजेंटेशन में जानकारी दी गई कि प्रदेश में वर्ष 2024 तक 100 प्रतिशत ग्रामीण घरों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का लक्ष्य है। वर्ष 2021-22 के लिए जल जीवन मिशन की वार्षिक कार्य-योजना में 22.01 लाख घरेलू नल कनेक्शन का लक्ष्य है।

राज एक्सप्रेस 5/8/21

18

## 5 अगस्त को कोविड-19 वैक्सीनेशन के तहत केवल दूसरे डोज़ का वैक्सीनेशन किया जाएगा

रतलाम। रतलाम जिले में गुरुवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन कार्यक्रम के अंतर्गत रतलाम शहर में केवल दूसरे डोज़ का वैक्सीनेशन किया जाना तय किया गया है। रतलाम शहर के जिन लोगों ने कोविड-19 वैक्सीनेशन के अंतर्गत कोवैक्सीन का पहला टीका लगवाकर 28 दिन पूर्ण कर लिए हैं, ऐसे सभी हितग्राही रतलाम शहर के आईएमए हॉल राजेंद्र नगर पर उपस्थित होकर अपना आईडी और मोबाइल लेकर को वैक्सीन का दूसरा टीका लगवा सकते हैं। रतलाम शहर के जिन लोगों ने कोविशिल्ड का पहला टीका लगवा कर 84 दिन पूर्ण कर लिए हैं, ऐसे सभी लोग रतलाम शहर के काश्यप सभागृह सागोद रोड अथवा अलकापुरी कम्युनिटी हॉल अलकापुरी पर अपना आईडी कार्ड और मोबाइल लेकर कोविशिल्ड का दूसरा डोज़ लगवाकर अपना टीकाकरण पूर्ण कर सकते हैं। रतलाम शहर के न्यू कलेक्ट्रेट स्थित केंद्र पर केवल विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों को कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगाया जाएगा।

प्रसारण 5/8/21

टीकाकरण

## वैक्सीनेशन के तहत आज सिर्फ दूसरा डोज लगेगा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में गुरुवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन कार्यक्रम के अंतर्गत रतलाम शहर में केवल दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाना तय किया गया है। शहर के जिन लोगों ने कोविड-19 वैक्सीनेशन के अंतर्गत कोवैक्सीन का पहला टीका लगवाकर 28 दिन पूर्ण कर लिए हैं, ऐसे सभी हितग्राही रतलाम शहर के आईएमए हॉल राजेंद्र नगर पर उपस्थित होकर अपना आईडी और मोबाइल लेकर को वैक्सीन का दूसरा टीका लगवा सकते हैं।

रतलाम शहर के जिन लोगों ने कोविशिल्ड का पहला टीका लगवा कर 84 दिन पूर्ण कर लिए हैं, ऐसे सभी लोग रतलाम शहर के काश्यप सभागृह सागोद रोड व अलकापुरी कम्युनिटी हॉल अलकापुरी पर अपना आईडी कार्ड और मोबाइल लेकर कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगवाकर अपना टीकाकरण पूर्ण कर सकते हैं। रतलाम शहर के न्यू कलेक्ट्रेट स्थित केंद्र पर केवल विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों को कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगाया जाएगा।

पत्रिका 5/8/21

## आज सिर्फ दूसरे डोज का होगा वैक्सीनेशन

रतलाम | जिले में गुरुवार को सिर्फ दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। को-वैक्सीन का दूसरा डोज आईएमए हॉल राजेंद्र नगर में लगेगा। वहीं कोविशील्ड का टीका काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में लगाया जाएगा। विदेश यात्रा करने वाले लोग न्यू कलेक्टोरेट स्थित केंद्र पर कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगवा सकते हैं।

**जिले में 11544 लोगों को लगे टीके** : जिले में बुधवार को 11544 लोगों को टीके लगाए गए। लक्ष्य 10350 का था। सभी केंद्रों पर 100 प्रतिशत से ज्यादा टीकाकरण हुआ है। सबसे ज्यादा रतलाम शहर में 139.11 लोगों को टीके लगे। यहां 1878 लोगों को वैक्सीन लगाई गई।

दै. भास्कर 5/8/21

## आज शहर में सिर्फ दूसरा डोज लगेगा

रतलाम। गुरुवार को रतलाम शहर में केवल दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। शहर में कोवैक्सीन का पहला टीका लगवा कर 28 दिन पूर्ण करने वाले सभी लोग आइएमए हाल राजेंद्र नगर पर दूसरा टीका लगवा सकते है। कोविशील्ड का दूसरा टीका काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकापुरी कम्युनिटी हाल पर लगेगा। नए कलेक्टोरेट केंद्र पर केवल विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों को कोविशील्ड का दूसरा टीका लगाया जाएगा।

नईदुनिया - 5/8/21

## 45 जगह टीके

रतलाम, नप्र। शहर के आईएमए हॉल राजेन्द्रनगर पर को वैक्सीन का दूसरा टीका लग रहा है। न्यू कलेक्टरेट केन्द्र पर विदेश यात्रा करने वाले लोगों को कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम शहर के अलावा रतलाम जिले में बी कोविड 19 के तहत टीके लगाए जाने के लिए आज जिले में 45 केन्द्र तय किए है।

## आज़ केवल सेकंड डोज ही लगाए जाएंगे

रतलाम ● शहर में गुरुवार 5 अगस्त को कोविशिल्ड और कोवैक्सीन के केवल सेकंड डोज ही लगाए जाएंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि शहर में लगभग 85 प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को प्रथम डोज लगाए जा चुका है।

## 5 अगस्त को केवल सेकंड डोज ही लगाए जाएंगे

रतलाम। शहर में गुरुवार 5 अगस्त को कोविशिल्ड और कोवैक्सीन के केवल सेकंड डोज ही लगाए जाएंगे। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि शहर में लगभग 85 प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को प्रथम डोज लगाए जा चुका है।

(7)

# सड़कों की दुर्दशा खबरें छपने के बाद भी नहीं देखते जिम्मेदार?

## सुर्खियों में है, कलेक्टर की फटकार

**रतलाम।** इस सप्ताह की समय सीमा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शहर व हाइवे की सड़कें खराब होने पर जमकर नाराजगी जताई है। उन्होंने अधिकारियों से यहां तक कह डाला कि खबरें छपने का इंतजार क्यों करते हो? टोल टैक्स वसूलने वाले संचालक तत्काल सडकें दुरस्त कराया करें।

इस सप्ताह की समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के बाद कलेक्टर का ये रवैया ही सुर्खियां बना। हालांकि रतलाम में इससे पहले भी कई कलेक्टर तीखे तेवर दिखा चुके हैं, लेकिन अधिकारियों का रवैया जस का तस है। नतीजा ये है कि आम लोगों को शहर और हाइवे दोनों जगह खस्ताहाल सडकों पर जान जोखिम में डालकर आना-जाना पड़ रहा है। हाइवे पर तो उनसे जबरिया टोल भी वसूला जा रहा है। पिछले एक पखवाड़े से रतलाम-झाबुआ मार्ग इसका जीवंत उदाहरण है, जहां सड़क सुधारे बगैर ही टोल वसूली शुरू करा दी गई है। इस वसूली को लेकर कई विवाद भी हो चुके हैं।

कलेक्टर ने बैठक में मप्र सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारी के प्रति ही सख्त नाराजगी व्यक्त की है। उन्हें कहा गया कि वे स्वत: संज्ञान क्यों नहीं लेते हैं? सड़क खराब होने संबंधी खबरें छपने का इंतजार क्यों करते हैं। उन्हें टोल वसूलने वाले संचालक से तत्काल सड़कें दुरुस्त करवानी चाहिए। बैठक में रतलाम-झाबुआ रोड पर लगाए गए टोल वसूली केंद्र का स्थान बदलने के निर्देश भी दिए गए। क्योंकि वर्तमान स्थान से ग्रामीणजनों को परेशानी हो रही है।

बैठक में कलेक्टर द्वारा सड़क विकास प्राधिकरण के अलावा लोक निर्माण विभाग और नगर निगम को भी खराब सड़कों की मरम्मत तत्काल कराने के निर्देश दिए गए हैं। विडंबना है कि हर साल बारिश के दौरान शहर की सड़कें जर्जर हो जाती हैं। कई मार्ग तो ऐसे हैं, जहां साल में दो बार मरम्मत करने के बाद भी स्थिति नहीं बदल रही है। बारिश के कारण इन सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और उनमें रोज हादसे की आशंका बनी रहती है। आम आदमी हाइवे पर रोज नहीं जाता, लेकिन शहर में रोज भ्रमण करता है। शहर की सड़कों का रखरखाव और निर्माण कराने की जिम्मेदारी नगर निगम की है। संयोग से इस बार कलेक्टर के पास ही नगर निगम के प्रशासक का प्रभार भी है। इसलिए उम्मीद है कि जल्द ही शहर की सड़कों की सुध ली जाएगी।

### विधायक भी दे चुके हैं निर्देश

निगम का अमला पिछले महीने विधायक चेतन्य काश्यप के साथ मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा घोषित पंचवर्षीय योजना में शहर की सड़कों की स्थिति दुरस्त करने के लिए हर वार्ड में सर्वे करने पहुंच चुका है। इसलिए उसे सड़कों की वास्तविक स्थिति अच्छी तरह से पता है। विधायक श्री काश्यप ने भी निगम अमले को इस दौरान हां जरूरी है, वहां तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए थे। पंचवर्षीय योजना में पता नहीं कब शहर की सड़कें बनेंगी। यदि अभी सड़कें सुधरेंगी, तो आम लोगों को राहत मिलेगी।

उपग्रह

उपग्रह 5/8/21

(14)

# कोरोना अभी गया नहीं, वापिस आने का कह गया ?

रतलाम। कोरोना महामारी को लेकर जिस तरह की लापरवाही फिर बाजारों में नजर आ रही है, उससे लगता है कि आने वाले दिनों में फिर लॉकडाउन के हालात बन सकते हैं। कोरोना वायरस का संक्रमण अभी कम जरूर हो गया है, लेकिन वह पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। देश के कई राज्यों में कोरोना फिर पैर पसार रहा है। रतलाम प्रशासन ने केरल से आने वाले लोगों के लिए क्वॉरेंटाइन रहने सहित अन्य व्यवस्थाएं शुरू कर दी हैं, लेकिन लगता है कि आमजन को इससे कोई सरोकार नहीं है। उन्हें ये नहीं भूलना चाहिए कि लापरवाहियों का आलम ऐसा ही रहा, तो कोरोना की तीसरी लहर आने से कोई रोक नहीं सकता। विशेषज्ञ बार-बार कह रहे हैं कि हमारी लापरवाहियाँ कोरोना की तीसरी लहर का रास्ता बना रही है जबकि हर बार कहा जा रहा है कि मास्क और सोश्यल डिस्टेंसिंग ही कोरोना के संक्रमण को रोकने का एकमात्र उपाय है।

श्रावण मास शुरू होने के साथ ही रतलाम जिले में बारिश का दौर शुरू हुआ है। इसके साथ ही जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भीड़ भी बढ़ गई है। प्रशासन ने प्रतिबंध लगा रखे हैं, लेकिन लोग हैं कि लगातार पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। बारिश के मौसम में हर साल रतलाम के समीपवर्ती जामण पाटली, केदारेश्वर, धोलावाड़ बांध और राजापुरा माताजी आदि पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। कोरोना के संक्रमण के खतरे और हादसों की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर रखे हैं। इस कारण पिछले साल लोगों की लापरवाहियों के कारण कोरोना की दूसरी लहर का सामना करना पड़ा। दूसरी लहर ने हर वर्ग को परेशान कर दिया था, कई लोग असमय काल का ग्रास बन गए, लेकिन इसके बाद भी आमजन ने कोई सबक नहीं लिया है। नतीजतन इस साल भी प्रशासन के प्रतिबंध के बावजूद कई लोग पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर पहरेदारी की जा रही है, लेकिन लोगों में जागरूकता का सर्वथा अभाव है।

कोरोना की दूसरी लहर के बाद शुरू हुए अनलॉक में पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। इससे कोरोना संक्रमण फैलने के अलावा हादसों की आशंका भी बन रही है, इसलिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी पिकनिक स्थलों और जल स्रोतों पर पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगाई, लेकिन लोग इसके बावजूद ऐसे स्थानों पर पहुंचकर हादसों को दावत दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने उन्हें रोकने के लिए अलग-अलग टीमों की स्थायी तैनाती कर दी है। ये टीमें पर्यटन केंद्रों पर पहुंच रहे लोगों को वापस लौटा रही हैं। प्रशासन की सख्ती के बावजूद लोग नहीं मान रहे हैं। पिकनिक स्थलों के अलावा बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी भीड़भाड़ कम नहीं हो रही है। यदि ये ही हाल रहे, तो कोरोना की तीसरी लहर को आते देर नहीं लगेगी।

अपडेट 5/8/21

(3)

226 पथ विक्रेताओं के ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत कर वितरित किए

# पथ विक्रेता ब्याज मुक्त ऋण का उपयोग रोजगार बढ़ाने में करें

रतलाम. प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के अंतर्गत के पात्र पथ विक्रेताओं को संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण दिए गए।स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा व बैंक ऑफ बड़ौदा में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, जिला अग्रणी बैंक दिलीप सेठिया, स्टेट बैंक क्षेत्रिय प्रबंधक अरूण सिंह, स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक दीपिका यादव, बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य प्रबंधक सुरेन्द्रसिंह लाथार ने ऋण प्रकरण स्वीकृत कर हितग्राहियों को वितरित किए।




स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा व बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड पर आयोजित आयोजन में निगम आयुक्त झारिया ने पथ विक्रेताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत आपको ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के तहत स्टेट बैंक कलेक्टोरेट शाखा में 7, स्टेट बैंक हाथीखाना में 10, स्टेट बैंक औद्योगिक में 13, स्टेट बैंक कस्तुरबा नगर में 62, स्टेट बैंक मुख्य शाखा में 38, स्टेट बैंक तोपखाना में 34, बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड में 26, बैंक ऑफ बड़ौदा ई देना में 17, बैंक ऑफ बड़ौदा ई विजया में 11, बैंक ऑफ बड़ौदा चॉंदनी चौक में 8 इस तरह कुल 226 प्रकरणों को स्वीकृत कर हितग्राहियों को वितरित किया गया।

## यह रहे उपस्थित

स्टेट बैंक मुख्य प्रबंधक क्रेडिट जितेन्द्र कानून, स्टेट बैंक कस्तुरबा नगर रवि दीपान, स्टेट बैंक औद्योगिक इन्द्रजीत, स्टेट बैंक तोपखाना पवन, स्टेट बैंक कलेक्टोरेट योगेश मीणा, स्टेट बैंक हाथीखाना विरेन्द्र, ई विजया से श्रीवास्तव, सौरभ, कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोलिया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट उपस्थित थे। पत्रिका

पत्रिका 5/8/21